
पंजाब केसरी
WED,01 APRIL 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 3

# चम्बा में शिक्षा को बेहतर बनाने पर मंथन

धर्मशाला, 31 मार्च (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश के चम्बा में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले शिक्षकों का सम्मान करने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान चम्बा के शिक्षा विभाग के कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें कई बड़े अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक का मुख्य मकसद बोर्ड और शिक्षा विभाग के बीच तालमेल को अच्छा करना था ताकि बच्चों की पढ़ाई के नतीजे बेहतर हों और सरकारी कामों में कम्प्यूटर व तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाकर पारदर्शिता लाई जाए। इस संबंध में डॉ. राजेश शर्मा अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने बताया कि बैठकों के बाद हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर अपना नजरिया सांझा किया। हमारा लक्ष्य शिक्षा को आधुनिक और परिणाम देने वाला बनाना है। इसके लिए नए तरीकों पर काम किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान और समर्पण आने वाली पीढ़ी के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।



## 32 साल सेवा देने वाली प्रिंसीपल को दी गई विदाई

इसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां में स्कूल की प्रिंसीपल रेखा शर्मा के रिटायर होने पर एक विदाई समारोह रखा गया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में पूरे 32 साल तक अपनी बेहतरीन सेवाएं दीं। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए और बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें 8000 रुपए का ईनाम भी दिया गया।

Dainik Jagran 01-04-2026

# विद्यार्थियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए नए शिक्षण माडल पर मंथन

**संवाद सहयोगी, जागरण • धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने मंगलवार को चंबा जिला के प्रवास के दौरान उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और परिणामोन्मुख बनाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रणनीति साझा की और शिक्षा बोर्ड व विभाग के बीच बेहतर तालमेल बैठाने पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए नए शिक्षण माडल पर भी मंथन किया गया। आइटी क्षेत्र के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने पर भी चर्चा की गई।

बैठक के बाद डा. राजेश ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां की प्रधानाचार्य रेखा शर्मा की सेवानिवृत्ति पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। रेखा शर्मा उनकी बहन हैं। उन्होंने रेखा शर्मा के 32 वर्षों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। साथ ही कहा कि शिक्षा क्षेत्र में रेखा शर्मा का योगदान और समर्पण आने वाली पीढ़ी के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने रेखा शर्मा को स्मृति चिह्न देकर उनके स्वास्थ्य और सुखद जीवन की मंगलकामना की। इस दौरान

## शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष ने उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय में बैठक में लिया भाग, सेवानिवृति पर करियां स्कूल की प्रधानाचार्य को दी विदाई



चंबा के करियां स्कूल में प्रधानाचार्य की सेवानिवृत्ति पर आयोजित समारोह को संबोधित करते डा . राजेश शर्मा • जागरण

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बोर्ड के अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को 8,000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां ही विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का संचार करती हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों व शिक्षकों ने रेखा शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपनिदेशक विकास महाजन, डाईट के प्राचार्य, ओएसडी (प्राथमिक शिक्षा) व आइटी नोडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

Anant Gyan 01-04-2026

# शिक्षा सुधार पर चंबा में महामंथन, बोर्ड अध्यक्ष ने परखा व्यवस्था का दम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने चंबा प्रवास के दौरान एक ओर जहां शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और परिणामोन्मुख बनाने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ रणनीति साझा की। वहीं दूसरी ओर शिक्षा जगत को अपना जीवन समर्पित करने वाली विभूतियों के सम्मान में आयोजित समारोह में भी शिरकत की।

मंगलवार सुबह उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) चंबा के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चंबा के उप निदेशक विकास महाजन, प्राचार्य डाइट, ओएसडी (प्राथमिक शिक्षा) और आईटी नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षा बोर्ड और विभाग के बीच बेहतर तालमेल बिठाने, छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए नए शिक्षण मॉडल पर मंथन और आईटी क्षेत्र के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने पर चर्चा की गई।



## विदाई समारोह: 32 वर्षों के समर्पित सफर का सम्मान

**बैठक** के बाद डॉ. राजेश शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां पहुंचे। अवसर था विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा के सेवानिवृत्ति समारोह का। डॉ. शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए अपनी बहन श्रीमती रेखा शर्मा के 32 वर्षों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान और समर्पण आने वाली पीढ़ी के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। डॉ. शर्मा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके आगामी स्वस्थ और सुखद जीवन की मंगलकामना की। समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। नन्हे कलाकारों के उत्साह को देखते हुए डॉ. राजेश शर्मा ने 8000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

Himachal Dastak 01-04-2026

# चंबा में डॉ. राजेश शर्मा ने अधिकारियों से की बैठक

चंबा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने चंबा प्रवास के दौरान शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और परिणामोन्मुख बनाने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ रणनीति साझा की, वहीं दूसरी ओर शिक्षा जगत को अपना जीवन समर्पित करने वाली विभूतियों के सम्मान में आयोजित समारोह में भी शिरकत की।



उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) चंबा के कार्यालय में समन्वय बैठक डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में चंबा के उप निदेशक विकास महाजन, प्राचार्य डाइट, ओएसडी (प्राथमिक शिक्षा) और आईटी नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

Apka Faisla 01-04-2026

# डॉ. राजेश शर्मा ने रेखा शर्मा के 32 वर्षों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की



**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने चंबा प्रवास के दौरान एक ओर जहाँ शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और परिणामोन्मुख बनाने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ रणनीति साझा की, वहीं दूसरी ओर शिक्षा जगत को अपना जीवन समर्पित करने वाली विभूतियों के सम्मान में आयोजित समारोह में भी शिरकत की। प्रातः लगभग 10:00 बजे उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) चंबा के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चंबा के उप निदेशक विकास महाजन, प्राचार्य डाइट, ओएसडी (प्राथमिक शिक्षा) और आईटी नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के मुख्य बिंदुः प्रभावी कार्यप्रणालीः शिक्षा बोर्ड और विभाग के बीच बेहतर तालमेल बिठाने पर चर्चा। परिणामोन्मुख शिक्षाः छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए नए शिक्षण मॉडल पर मंथन। तकनीकी समावेशः आईटी क्षेत्र के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाना। विदाई समारोहः 32 वर्षों के समर्पित सफर का सम्मान प्रशासनिक बैठक के उपरांत डॉ. राजेश शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां पहुँचे। अवसर था विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा के सेवानिवृत्ति समारोह का। डॉ. शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए अपनी बहन रेखा शर्मा के 32 वर्षों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान और समर्पण आने वाली पीढ़ी के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, एचपी शिक्षा बोर्ड, डॉ. शर्मा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके आगामी स्वस्थ और सुखद जीवन की मंगलकामना की। सांस्कृतिक छटा और प्रोत्साहन, समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। नन्हे कलाकारों के उत्साह को देखते हुए डॉ. राजेश शर्मा ने 8000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। उन्होंने जोर देकर कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां ही विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का संचार करती हैं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के कई गणमान्य अधिकारी, शिक्षक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रधानाचार्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# *Grand Deliberation on Education Reform in Chamba: Board Chairman Assesses the System's Strength*



SANJAY AGGARWAL
DHARAMSHALA MAR 31 : During his visit to Chamba, Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education, engaged in a dual agenda: on one hand, he shared strategies with senior officials aimed at making the education system modern and result-oriented; on the other, he attended a ceremony organized to honor distinguished personalities who have dedicated their lives to the field of education. A crucial coordination meeting was held at the office of the Deputy Director (Secondary Education), Chamba. Presided over by Dr. Rajesh Sharma, this meeting was attended by Chamba's Deputy Director Vikas Mahajan, the Principal of DIET (District Institute of Education and Training), the OSD (Primary Education), and IT Nodal Officers. Following the administrative meeting, Dr. Rajesh Sharma proceeded to Government Senior Secondary School, Karian. The occasion was the retirement ceremony of the school's Principal, Rekha Sharma. Attending as the Chief Guest, Dr. Sharma lauded his sister, Rekha Sharma, for her 32 years of exemplary service. During the ceremony, the school's students captivated the audience by presenting a vibrant cultural program. Impressed by the enthusiasm of the young performers, Dr. Rajesh Sharma presented an incentive award of ₹8,000. He emphasized that, alongside academics, co-curricular activities are instrumental in instilling self-confidence and leadership qualities in students. Several dignitaries from the Education Department, teachers, and local residents were present on this occasion, extending their best wishes to the Principal for a bright future.

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
31 मार्च, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# शिक्षा सुधार पर चंबा में महामंथन : बोर्ड अध्यक्ष ने परखा व्यवस्था का दम

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला/चंबा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने चंबा प्रवास के दौरान एक ओर जहाँ शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और परिणामोन्मुख बनाने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ रणनीति साझा की, वहीं दूसरी ओर शिक्षा जगत को अपना जीवन समर्पित करने वाली विभूतियों के सम्मान में आयोजित समारोह में भी शिरकत की।

**32 वर्षों की बेदाग सेवा के बाद प्रधानाचार्या रेखा शर्मा को दी गई विदाई**

**छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

***■ शिक्षा को सुदृढ़ बनाने पर 'समन्वय बैठक'***

प्रातः लगभग 10 बजे उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) चंबा के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चंबा के उप निदेशक विकास महाजन, प्राचार्य डाइट (DIET), ओएसडी (प्राथमिक शिक्षा) और आईटी नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

***■ बैठक के मुख्य बिंदु***

*प्रभावी कार्यप्रणाली :* शिक्षा बोर्ड और विभाग के बीच बेहतर तालमेल बिठाने पर चर्चा।

*परिणामोन्मुख शिक्षा :* छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए नए शिक्षण मॉडल पर मंथन।

*तकनीकी समावेश :* आईटी क्षेत्र के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाना।

***■ विदाई समारोह : 32 वर्षों के समर्पित सफर का सम्मान***

प्रशासनिक बैठक के उपरांत डॉ. राजेश शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां पहुँचे। अवसर था विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा शर्मा के सेवानिवृत्ति समारोह का। डॉ. शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए अपनी बहन श्रीमती रेखा शर्मा के 32 वर्षों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की।

'शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान और समर्पण आने वाली पीढ़ी के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।'



डॉ. शर्मा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके आगामी स्वस्थ और सुखद जीवन की मंगलकामना की।

***■ सांस्कृतिक छटा और प्रोत्साहन***

समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। नन्हे कलाकारों के उत्साह को देखते हुए डॉ. राजेश शर्मा ने 8000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। उन्होंने जोर देकर कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां (E&tra-curricular activities) ही विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का संचार करती हैं।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के कई गणमान्य अधिकारी, शिक्षक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रधानाचार्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

The Sunny Times

# EDUCATION GETS A NEW DIRECTION STRATEGY, SENTIMENT & STUDENT POWER SHINE IN CHAMBA

**Sunny Mahajan | Dharamshala**

Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education, recently visited Chamba to spearhead a strategic overhaul of the local education system while honoring the lifelong dedication of veteran educators.

During a high-level coordination meeting held at the office of the Deputy Director of Higher Education, Dr. Sharma engaged with key stakeholders, including Deputy Director Vikas Mahajan and DIET officials, to refine the synergy between the board and the department. The discussions centered on implementing result-oriented teaching models and integrating advanced IT solutions to ensure greater transparency in administrative functions. Dr. Sharma emphasized that the future of education lies in a seamless blend of traditional pedagogical excellence and modern technological tools.

Following the administrative session, the Chairman attended a heartfelt retirement ceremony at Government Senior Secondary School, Karian, for Principal Mrs. Rekha Sharma. Celebrating her remarkable 32-year career, Dr. Sharma lauded her unwavering commitment to the academic community, noting that her legacy would serve as a permanent blueprint for future generations of teachers. He presented her with a memento and shared his best wishes for her health and happiness in her post-retirement life.

The event was further brightened by a vibrant cultural display from the students, whose performances showcased the rich heritage of the region. Impressed by their talent and spirit, Dr. Sharma announced a personal incentive of ₹8,000 to encourage their artistic pursuits. He concluded by reminding those present that while academic results are vital, it is the balance of studies and extra-curricular activities that truly builds the confidence and leadership qualities necessary for a student's lifelong success.

